I/461093/2023

कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा-I) एवं
महालेखाकार (लेखा परीक्षा-II) राजस्थान, जयपुर

क्रमांक:प्रशासन-I/ले.प.-I/हिन्दी /3/2023 -24 07-12-2023

परिपत्र

भारत सरकार की राजभाषा नीति के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति की सामान्य शर्तों पर दो पद हिन्दी अधिकारी (एक पद कार्यालय प्रधान महालेखाकार (ले.प.-I) तथा एक पद कार्यालय महालेखाकार (ले.प.-II) राजस्थान, जयपुर में प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण के आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं | प्रतिनियुक्ति की अवधि एक वर्ष की होगी |

पदनाम : हिन्दी अधिकारी

वेतनमान : पे मैट्रिक्स लेवल 8

(समूह 'ख' राजपत्रित)

(क) योग्यताएं :-

(1) समतुल्य पद धारित करते हों या

(2) पे मैट्रिक्स लेवल 7 या संशोधन से पूर्व वेतनमान (रु.9300-34800) ग्रेड पे रु.4600 या समतुल्य वेतनमान में पद पर 3 वर्षों की सेवा पूर्ण कर चुके हों | या

(3) वेतन मेट्रिक्स लेवल- 5 या संशोधन से पूर्व वेतनमान (रु.5200-20200)+ ग्रेड पे 2800 या समतुल्य वेतनमान में पद पर 8 वर्षों की सेवा पूर्ण कर चुके हों |

(ख) शैक्षणिक योग्यताएं:- अनिवार्य

(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर एक विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ हिन्दी में स्नात्तकोत्तर डिग्री या समतुल्य |

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर एक विषय के रूप में हिन्दी के साथ अंग्रेजी में स्नात्तकोत्तर डिग्री या समतुल्य |

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नात्तकोत्तर डिग्री या समतुल्य एवं डिग्री स्तर पर अंग्रेजी और हिन्दी विषय के रूप में |

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में हिन्दी माध्यम से स्नात्तकोत्तर डिग्री या समतुल्य और साथ ही डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में |

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में अंग्रेजी माध्यम से स्नात्तकोत्तर डिग्री या समतुल्य और साथ ही डिग्री स्तर पर हिन्दी एक विषय के रूप में |

(2) हिन्दी में पारिभाषिक शब्दावली कार्य का और/या अंग्रेजी से हिन्दी में या हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य का 5 वर्ष का अनुभव, तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य और वित्त,बजट या प्रशासनिक कार्य का अनुभव रखने वाले उम्मीदवार को वरियता दी जावेगी |

अथवा

5 वर्षों का अध्यापन.शोध,लेखन या पत्रकारिता का 5 वर्ष का अनुभव |

वांछनीय योग्यता

(I) संस्कृत या किसी आधुनिक व्यवहारिक भाषा का ज्ञान

(II) प्रशासनिक अनुभव

(III) टिप्पणी और प्रारूपण कि हिन्दी कक्षाएं या कार्यशालाएं आयोजित करने का अनुभव |

आवेदनकर्ता जो संलग्न योग्यतायें/शर्तें पूर्ण करते हैं , अपने विभागाध्यक्ष के माध्यम से आवेदन पत्र व्यक्तिगत विवरण सहित भेजें तथा साथ में आवेदक के पिछले पांच वर्षों के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन की प्रतियाँ तथा सतर्कता/विभागीय जाँच अनापत्ति प्रमाणपत्र की प्रति भी संलग्न कर इस कार्यालय में दिनांक 30.01.2024 तक प्रस्तुत करें |

BHAGWAN DASS
SAO(ADMN)

Signed by Bhagwan Dass
Date: 08-12-2023 10:06:20
Reason: Approved